जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 सितंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

आईपीएस निधिन वाल्सन ने अपने व्याख्यान से जामिया के स्कूली छात्रों को प्रेरित किया, #स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा और #एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया

दिल्ली पुलिस में उपायुक्त पद पर कार्यरत आईपीएस अधिकारी श्री निधिन वाल्सन ने हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया के जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक प्रेरक व्याख्यान दिया। श्री वाल्सन ने पखवाड़ा के दौरान आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

श्री वाल्सन कैंसर से पीड़ित हैं, आयरनमैन 70.3 में सफल रहे हैं और लिम्का बुक ऑफ नेशनल रिकॉर्ड होल्डर हैं। उन्होंने कैंसर के विरुद्ध अपनी जंग पर आधारित "फ्रॉम कैंसर मैन टू आयरन मैन" नामक पुस्तक लिखी है। श्री वाल्सन ने अपने दमदार व्याख्यान से स्कूल के छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा किए और छात्रों से कठिन परिस्थितियों में धैर्य और साहस रखने को कहा।

श्री वाल्सन ने स्कूल परिसर में चल रहे #स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े और #एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद अरशद खान ने मुख्य अतिथि को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया